दिनांक: 02.09.2024 समय : 18.30 पीएम

आकाषवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेषिक समाचार

- मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना के तहत आज पहली यात्री गाड़ी को जयपुर से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।
- उपनिरीक्षक पेपर लीक मामले में गिरफ्तार राजस्थान लोक सेवा आयोग के पूर्व सदस्य रामूराम राईका को शनिवार तक एसओजी रिमाण्ड पर भेजा गया।
- पेरिस पैरालंपिक में आज नितेश कुमार ने भारत को दूसरा स्वर्ण पदक दिलाया–भारत दो स्वर्ण, तीन रजत और चार कांस्य के साथ कुल नौ पदक जीतकर 22वें स्थान पर।
- प्रदेश में कई जगह हल्की से मध्यम बारिश –जयपुर, सीकर, दौसा, नागौर, चूरू और उदयपुर जिलों के लिये ऑरेंज अलर्ट जारी।

0000

मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने आज जयपुर के दुर्गापूरा रेलवे स्टेशन से वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना के तहत पहली यात्री गाड़ी को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रेल को रवाना करने से पहले आयोजित कार्यक्रम में श्री शर्मा ने कहा हमारे जीवन मे तीर्थों का बहुत महत्व है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश की सांस्कृतिक पहचान वाले स्थलों के संरक्षण और उत्थान के लिए काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि काशी विश्वनाथ

मंदिर और उज्जैन में महाकाल मंदिर में विकास के भव्य कार्य हुए हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश के वरिष्ठ नागरिकों को रेल से यात्रा करने के साथ–साथ करीब 6 हज़ार बुजुर्गों को हवाई तीर्थ यात्रा भी कराई जाएगी। उन्होंने तीर्थ यात्रियों से कहा कि वे इस यात्रा के दौरान मिलने वाले अपने अनुभव को साझा करें और यात्रा में यदि कोई कमी रही तो उसे भी दूर किया जाएगा। उन्होंने इस यात्रा में जाने वाले सभी तीर्थ यात्रियों को शुभकामनाएं दी।

000

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा है कि विश्व की तीसरी सबसे बडी अर्थव्यवस्था बनने के लिए भारत को आयात में कमी और निर्यात में बढोतरी करने की जरूरत है। उन्होंने पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी के साथ नई दिल्ली में भारत जैव ऊर्जा और टैक एक्सपो 2024 तथा अंतरराष्ट्रीय जैव ऊर्जा और प्रौद्योगिकी सम्मेलन के उद्घाटन के अवसर पर कहा कि देश में जैव ईंधन क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं। इस अवसर पर श्री पुरी ने कहा कि सरकार एथेनॉल मिश्रित पेट्रोल, कम्प्रेस्ड बायो गैस, बायोमास और कचरे से ऊर्जा बनाने को प्राथमिकता दे रही है।

श्री पुरी ने कहा कि देश का ऊर्जा कार्यक्रम काफी सफल रहा है। उन्होंने कहा कि देश में पेट्रोल में एथेनॉल की मात्रा अक्टूबर 2025 तक 20 प्रतिशत तक पहुंच जाएगी।

000

उपनिरीक्षक पेपर लीक मामले में गिरफ्तार राजस्थान लोक सेवा आयोग के पूर्व सदस्य रामूराम राईका को एसओजी ने आज कड़ी सुरक्षा के बीच कोर्ट

में पेश किया। जहां से उन्हें शनिवार तक एसओजी रिमांड पर भेज दिया गया। रामूराम राईका की कोर्ट में पेशी के दौरान वकीलों ने हंगामा किया। मौजूद पुलिस अधिकारियों ने वकीलों को समझा कर मामला शांत कराया। गौरतलब है कि आरपीएससी के पूर्व सदस्य राईका को एसओजी ने कल दोपहर पूछताछ के लिए बुलाया था, जिसके बाद देर रात उन्हें गिरफ्तार कर लिया। इससे पहले एसओजी ने शनिवार को रामूराम राईका की बेटी शोभा राईका और बेटे देवेश राईका सहित 5 ट्रेनी एसआई को गिरफ्तार किया था।

000

जयपुर में आज पुलिस मुख्यालय में आयोजित अलंकरण समारोह में सीआईडी अपराध शाखा के 103 पुलिककर्मियों को सम्मानित किया गया। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक अपराध दिनेश एम एन और पुलिस महानिरीक्षक प्रफुल्ल कुमार ने उत्कृष्ट, सराहनीय और प्रशंसनीय सेवाओं के लिये 33 पुलिस अधिकारियों और कर्मियों को डीजीपी डिस्क, 14 पुलिसकर्मियों को अति उत्कृष्ट सेवा पदक, 20 पुलिस कर्मियों को उत्कृष्ट सेवा पदक, 14 पुलिस कर्मियों को सर्वोत्तम सेवा चिन्ह तथा 22 पुलिस कर्मियों को अति उत्तम सेवा चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया।

श्री एम.एन ने सम्मानित होने वाले पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वे आने वाले समय में और अधिक जोश और निष्ठा के साथ ड्यूटी करें।

000

..................

पेरिस पैरालंपिक में आज नितेश कुमार ने भारत को दूसरा स्वर्ण पदक दिला दिया। नितेश कुमार ने बैडमिंटन पुरुष सिंगल्स के एसएल–3 के फाइनल में

ब्रिटेन के डेनियल बेथेल को हराया। उन्होंने 21—14, 18—21, 23—21 से मैच जीता। इससे पहले योगेश कथुनिया ने पुरुषों की डिस्कस थ्रो एफ—56 स्पर्धा में रजत पदक जीता। अपने पहले ही प्रयास में 42 दशमलव दो—दो मीटर की दूरी तक चक्का फेंक कर उन्होंने अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के साथ लगातार दूसरा पैरालंपिक रजत पदक जीता। भारत के दो और पदक पक्के हो गये हैं। आज रात पुरुष बैडमिंटन सिंगल्स के एसएल—4 श्रेणी के फाइनल में सुहास यतिराज का सामना फ्रांस के लुकास मजूर से होगा। महिला सिंगल्स बैडमिंटन की एसयू—5 फाइनल स्पर्धा में आज रात तुलसीमथी मुरुगेसन का सामना चीन की यांग शू जिया से होगा। पेरिस पैरालंपिक में भारत दो स्वर्ण, तीन रजत और चार कांस्य के साथ कुल नौ पदक जीतकर 22वें स्थान पर है।

000

प्रदेश पोषण माह के दौरान विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम शुरू हो गये हैं। महिला और बाल विकास विभाग की सचिव शुचि त्यागी ने राष्ट्रीय पोषण माह को सफल बनाने के लिए अधिकारियों को पूरी सक्रियता से काम करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने छह गतिविधियों पर आधारित इस अभियान में एनीमिया जाँच भी करने को कहा है। उन्होंने इसके साथ ही अभियान की व्यापक मॉनिटरिंग के निर्देश भी दिए हैं। उन्होंने आंगनबाड़ियों में होने वाली

गतिविधियों की दैनिक रिपोर्ट जनआंदोलन डेशबोर्ड पर अपलोड करने को भी कहा है। आईसीडीएस निदेशक ओ पी बुनकर ने आज 7वें राष्ट्रीय पोषण माह के शुभारंभ के अवसर पर जयपुर में आईसीडीएस बाल विकास परियोजना के मुरलीपुरा के आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया। श्री बुनकर ने आंगनबाड़ी केंद्र पर **"एक पेड़ मां के नाम "** अभियान के तहत पौधारोपण किया तथा पोषण माह रैली को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया।

निदेशक ने निरीक्षण के दौरान महिलाओं और बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने उचित पोषण के अभाव में होने वाली बीमारियों तथा समस्याओं के बारे में अवगत कराया।

प्रदेश के अन्य जिलों में पोषण जागरूकता के लिये आज से कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। हनुमानगढ में जिला कलेक्टर कानाराम ने कलेक्ट्रेट परिसर से पोषण जागरूकता रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर पोषण थीम पर रंगोली भी बनाई गई।

000

संसदीय कार्य और विधि तथा न्याय मंत्री जोगाराम पटेल ने आज जोधपुर में जनसुनवाई कर संबंधित विभागीय अधिकारियों को उनके जल्द निपटारे के निर्देश दिए। जनसुनवाई में आए लोगों ने शिक्षा, सड़क, चिकित्सा, बिजली, पीने के पानी, पंचायतीराज विभाग सहित अन्य विभागों से संबंधित शिकायतें श्री पटेल को सौंपी।

000

डाक विभाग की ओर से अजमेर में आगामी जनवरी में डाक अदालत लगाई जायेगी। इस अदालत में डाकघरों से पेंशन प्राप्त करने वाले पेंशनभोगियों की समस्याओं की सुनवाई कर उनका निराकरण किया जावेगा। इस क्षेत्र के पेंशनर्स अपनी शिकायतें एक जनवरी 2025 तक पोस्टमास्टर जनरल, राजस्थान दक्षिणी क्षेत्र, अजमेर के कार्यालय में भेज सकते हैं।

000

प्रदेश में कई जगह हल्की से मध्यम बारिश हुई है। जयपुर में आज दोपहर में कई इलाकों में मूसलाधार बारिश हुई इससे विभिन्न मार्गों पर बारिश का पानी भरने से ट्रैफिक जाम हो गया। श्रीगंगानगर, सूरतगढ, श्रीकरणपुर, अनूपगढ और रायसिंह नगर क्षेत्र में भी बारिश अच्छी बारिश हुई। बांसवाड़ा में भी दोपहर में तेज बरसात हुई। केकड़ी और पाली में झमाझम बरसात हुई। बाड़मेर में दोपहर में बारिश हुई। इस बीच प्रदेश के बांधों में पानी की आवक बनी हुई है। डूंगरपुर जिले में पिछले दिनों हुई बारिश के कारण अमरपुरा बांध छलक गया है। बांध पर पानी की चादर चल रही है। मौसम विभाग ने इस सप्ताह अच्छी बारिश की संभावना जताई है। विभाग ने आज जयपुर, सीकर, दौसा, नागौर, चूरू और उदयपुर जिलों के लिये ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। 18 अन्य जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है। जोधपुर और बीकानेर संभाग में कहीं—कहीं हल्की से मध्यम बारिश का पूर्वानुमान है। दक्षिण मध्य रेलवे के विजयवाडा मण्डल के रायनपाडु स्टेशन पर भारी बारिश से जल भराव हो जाने के कारण रेल यातायात पर असर पड़ा है। उत्तर—पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण ने बताया कि इस कारण कल चेन्नई से जयपुर के लिये चलने वाली

एक्सप्रेस गाड़ी को रद्द करना पड़ा। साथ ही कल रवाना होने वाली जयपुर कोयम्बटूर एक्सप्रेस को भीरद्द कर दिया गया है।

000

राज्य में विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत मतदाता सूचियों में नए नाम जोड़ने, संशोधन कराने तथा विसंगतियां दूर करने के लिए बूथ लेवल ऑफिसर द्वारा घर–घर सर्वे किया जा रहा है। अभियान के दौरान मतदाता सूचियों और पहचान पत्रों में गलतियों को ठीक किया जा रहा है। साथ ही, नाम, पते के आधार पर मतदाता सूचियों में दोहरी प्रविष्टियों को हटाया जा रहा है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन ने आज इस बारे में निर्वाचन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों, सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों, उप जिला निर्वाचन अधिकारियों और जिला निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों के साथ बैठक की। वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से हुई बैठक में श्री महाजन ने घर–घर सर्वे के माध्यम से सूचियों के सत्यापन के कार्य में तेजी लाते हुए सभी जिलों में इसे 20 सितम्बर तक पूरा करने के निर्देश दिए। श्री महाजन ने कहा कि इस अवधि में जयपुर, जोधपुर, उदयपुर, कोटा में हाई–राइज और ग्रुप हाउसिंग सोसायटी सहित अन्य शहरी क्षेत्रों में कच्ची बस्तियों आदि में नए मतदान केन्द्रों के गठन के प्रस्ताव तैयार किए जाए। उन्होंने मतदान केन्द्रों पर दिव्यांग और बुजुर्ग मतदाताओं के लिए सुविधाओं आदि के भौतिक सत्यापन करवाने के भी निर्देश दिए।

000